अमृत विचार
बरेली महानगर
PAGE NO : IV MIDDLE
बरेली , बुधवार,10 दिसंबर 2025

# विरल और इमरान की शानदार बल्लेबाजी से एसआरएमएस की जीत

**बरेली,अमृत विचार :** रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी में रवींद्रनाथ टैगोर कप में मंगलवार एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और ओसिस क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया, जिसमें एसआरएमएस ने ओसिस को 96 रनों से हराया। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विरल भटनागर को दिया गया। एसआरएमएस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 193 रन बनाए। विरल ने 52 और इमरान ने 44 रन का योगदान दिया। ओसिस की ओर विश्वजीत ने 4 विकेट, शाद रजा और सुभान ने 2-2 विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओसिस की टीम 97 रन बनाकर आल आउट हो गई। ओसिस की ओर से प्रत्यक्ष ने 31 और शाद रजा ने 23 रन बनाए। एसआरएमएस की ओर से सुशांत और ईशान ने 3-3 विकेट और रिजवान ने 2 विकेट अपने नाम किये। फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार विश्वजीत को दिया गया। अंपायर मनोज यादव और अभिजीत तोमर रहे। टूर्नामेंट सचिव पंकज यादव ने बताया कि बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी और एसआरएमएस जूनियर अकादमी के बीच मैच खेला जाएगा।